दिनांक : 05.05.2025 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

गेंहूँ उपार्जन

प्रदेश में ई–उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत किसान जो 30 अप्रैल तक स्लॉट बुक नहीं कर सके, वह आज भी स्लॉट बुक कर गेहूं का विक्रय उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर कर सकते हैं। स्लॉट बुक करने के लिए जिला खाद्य कार्यालय में आवेदन करना होगा। जिन किसानों की स्लॉट की वैधता समाप्त हो गई है, उनकी अवधि डीएसओ लॉगिन से बढ़ाने तथा इन किसानों से गेहूं की खरीदी 9 मई तक करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

नर्मदापुरम के जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले में 171 उपार्जन केंद्रों पर अब तक 40 हजार 833 किसानों ने स्लॉट बुक किया है। 167 केंद्रों पर 31 हजार 103 किसानों से रिकॉर्ड 3 लाख 40 हजार मीट्रिक टन से अधिक की खरीदी की जा चुकी है। जिले में 9 मई तक गेंहू का उपार्जन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री जबलपुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज जबलपुर के पाटन विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रिमझा और ग्राम पवई धाम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पहले निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जबलपुर पहुंचेंगे और यहां से मंडला जिले के लिए रवाना होंगे। मुख्यमंत्री मंडला जिले के रामनगर किला में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद जबलपुर के ग्राम रिमझा पहुचेंगे।

वेव्स-2025

वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट -वेव्स 2025 का प्रथम संस्करण कल मुंबई में सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इसमें प्रदर्शकों, प्रमुख-उद्योगपतियों, स्टार्टअप्स, नीति-निर्माताओं,शिक्षाविदों और आम जनता की जबरदस्त

प्रतिक्रिया देखने को मिली। प्रदर्शनियों, पैनल चर्चाओं और बी2बी सहयोगों के जीवंत मिश्रण के साथ, इस कार्यक्रम में लोगों की उल्लेखनीय उपस्थिति देखी गई । वेव्स के के तहत आयोजित वेव्स बाज़ार में रचनात्मक उद्योगों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार सहयोग के लिए प्रमुख मंच के रूप में स्थापित शानदार सफलता हासिल की। बाज़ार में फिल्म, संगीत, रेडियो, वीएफएक्स और एनीमेशन क्षेत्रों में 1328 करोड़ रुपये के व्यापारिक सौदे या लेनदेन दर्ज किए गए।

गडकरी - तेलंगाना

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज तेलंगाना के सिरपुर कागजनगर में तीन हजार 900 करोड रूपये की लागत की कई सडक परियोजनाओं की आधारशिला रखी और राष्ट्र को समर्पित किया। इस अवसर पर श्री गडकरी ने कहा कि न्यू ग्रीन एक्सप्रेस राजमार्ग के इंदौर-हैदराबाद गलियारे के काम को अगले वर्ष मार्च महीने तक पूरा कर लिया जाएगा।

सर्वोच्च न्यायालय- वक्फ अधिनियम

सर्वोच्च न्यायालय वक्फ (संशोधन) अधिनियम - 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक बैच की आज सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की खंडपीठ इस मामले की सुनवाई करेगी।

मौसम

प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। कल भोपाल सहित प्रदेश के कई जिलों में आंधी-तूफान और बारिश का मौसम रहा। इंदौर में रिकॉर्ड पौने 3 इंच पानी गिर गया, जबकि भोपाल समेत कई जिलों में ओले गिरे। ऐसा ही मौसम आज भी बना हुआ है। प्रदेश में अगले 4 दिन यानी 8 मई तक आंधी, बारिश और ओले का सिस्टम एक्टिव है।

आज प्रदेश के पूर्वी हिस्से मैहर, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला, बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा में बारिश के साथ ओले गिर सकते हैं।

समाचार संक्षेप में .....

- शिवपुरी में झोलाझाप डॉक्टरों के खिलाफ जिला प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है। कल पोहरी में स्वास्थ्य विभाग के छापामार दल ने श्रीराम क्लिनिक को सील किया।
- दमोह, दमोह - जबलपुर मार्ग पर ग्राम हरदुआ में हुई एक सड़क दुर्घटना में घटनास्थल पर ही दो लोगों की मौत हो गई। कलेक्टर सुधीर कोचर ने कहा कि मृतकोंको सरकार द्वारा आर्थिक सहायता तथा घायलों के उपचार की समुचित व्यवस्था की जा रही हैं।
- आईपीएल क्रिकेट में आज सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला डेल्ही कैपिटल्स से होगा। मैच शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा।

नमस्कार।

..............................